कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्धीकला, हाजीपुर)

रविन्द्र कुमार, बि0शि0से0
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

मोबाईल नं0—8544412079
हाजीपुर, वैशाली—844102

E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com

कार्यालय—आदेश

अधोहस्ताक्षरी ज्ञापांक 1434 दिनांक 10.12.2025 एवं ज्ञापांक 1127 दिनांक 10.10.2025 के माध्यम से सभी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया गया था कि एक ही परिसर में संचालित मध्य विद्यालय की कक्षा लेने हेतु आवश्यकता अनुसार उच्चतर माध्यमिक एवं माध्यमिक शिक्षक को निर्देशित करेंगे। कई मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा पत्राचार किया गया कि उच्चतर माध्यमिक एवं माध्यमिक के शिक्षकों के द्वारा मध्य विद्यालय की कक्षा का संचालन अथवा उस विद्यालय के 6—8 वर्ग का संचालन नहीं किया जा रहा है या फिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा उनका रूटीन मध्य विद्यालय के कक्षा संचालन हेतु नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण पठन—पाठन का कार्य प्रभावित हो रहा हैं। आप सभी अवगत है कि मध्य विद्यालय का ही एक अंग उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय/उच्च माध्यमिक विद्यालय है। विभागीय आदेशानुसार सभी शिक्षक को कम से कम 6 घंटी शैक्षणिक कार्य करना अनिवार्य है।

उक्त के आलोक में सभी वैसे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया जाता है कि जहां एक ही परिसर में मध्य विद्यालय संचालित है में उच्चतर माध्यमिक/माध्यमिक के शिक्षकों को मध्य विद्यालय की कक्षा संचालन करने हेतु विधिवत्त रूटिंग उच्चतर माध्यमिक एवं माध्यमिक के कक्षा संचालन के साथ—साथ मध्य विद्यालय के कक्षा संचालन हेतु वर्ग आवंटित करेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अवांछनीय होगी तथा किसी भी स्तर से लापरवाही बरतने वाले के विरुद्ध कठोर अनुशासनिक प्रारंभ की जाएगी।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

13.3.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।
13.3.26

ज्ञापांकः—530 हाजीपुर दिनांकः—13/03/26

प्रतिलिपिः— सभी उच्चतर माध्यमिक/माध्यमिक के शिक्षक,जिला—वैशाली को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः— सभी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यरत प्रेषित।

प्रतिलिपिः— सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,जिला—वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः—क्षेत्रीय उपनिदेशक, तिरहुत प्रमंडल,मुजफ्फरपुर की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः— जिला पदाधिकारी,वैशाली की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

13.3.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।
13.3.26.